दिनांक 28 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने छावनी दर्री तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर किया निरीक्षण

भिलाईनगर/छावनी दर्री तालाब का कार्य प्रगति पर है तालाब में लेवलिंग का कार्य किया जा रहा है , जिसको देखने के लिए श्री यादव स्वयं जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 28 छावनी दर्री तालाब पहुंचे जहां पर सौंदर्यीकरण को लेकर एक छोर से दूसरे छोर तक तालाब के किनारे का निरीक्षण करते हुए जोन के अधिकारियों को निर्देशित किए! श्री यादव ने छावनी तालाब सौंदर्यीकरण के कार्य की प्रगति को लेकर आवश्यक जानकारियां प्राप्त की जिस पर सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर ने बताया कि तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है , सर्वप्रथम इसके अतिरिक्त दर्री तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य में विभिन्न प्रकार के कार्य सम्मिलित किए जाएंगे , जिसका कार्य आदेश एजेंसी राजकुमार सिंह को प्रदान किया गया है , जल्द ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा वर्तमान में तालाब समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है! जोन आयुक्त संजय बागड़े ने बताया कि तालाब किनारे पेवर ब्लॉक, उद्यान निर्माण, विसर्जन के लिए पृथक से कुंड निर्माण, ट्यूबलर पोल एवं विद्युत व्यवस्था सहित सौंदर्यीकरण के लिए अन्य प्रकार की व्यवस्था की जावेगी जिसकी लागत लगभग 40 लाख के करीब है! तालाब का गहरीकरण अंतिम चरण में है अब लेवलिंग का काम किया जा रहा है एवं वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी तालाब में लगाया जाना है जिसके लिए कार्य की प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है! परंतु आयुक्त सुंदरानी के निर्देश पर अब इस तालाब में दैनिक क्रिया एवं निस्तारि के लिए पृथक से घाट निर्माण के साथ-साथ छठ पर्व को देखते हुए भी तैयारियां की जा रही है! इसी तालाब के समीप पशुओं के लिए पेठु भी बना दिया गया है , जिसको घेरा भी किया गया है तथा छावनी मुक्तिधाम भी समीप है इसको देखते हुए आयुक्त श्री सुंदरानी ने इन तीनों स्थलों को बेहतर तरीके से व्यवस्थित कर क्रियान्वित करने के साथ ही समय पर गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के निर्देश जोन के अधिकारियों को पूर्व में ही दिए जा चुके हैं! निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त जोन क्रमांक 4 संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर , उप अभियंता रेवती रमन सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे!